# शहडोल में मासूम की करंट लगने से मौत

## टूटे बिजली तार को दांत से काटने की कोशिश कर रहा था बच्चा



**शहडोल,देशबन्धु।** जिले के सिरौंजा गांव में एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ है। सिर्फ 6 साल का मासूम सूरज बैगा खेलते-खेलते टूटे पड़े बिजली के तार को दांत से काटने की कोशिश करने लगा, जिससे उसे तेज करंट लगा और मौके पर ही उसकी जान चली गई। यह हादसा खैरहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार सुबह का है।

**दोस्तों के साथ खेलते समय हुआ हादसा**

सूरज अपने हमउम्र बच्चों के साथ खेल रहा था, तभी उसकी नजर पड़ोसी के घर से टूटा पड़ा बिजली का तार पर पड़ी, जो बारिश और हवा के चलते गिर गया था। मासूमियत में सूरज ने यह समझे बिना कि तार में करंट हो सकता है, उसे मुंह में लेकर काटने की कोशिश की, तभी उसे करंट लगा और वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा।

परिजन भागे अस्पताल, लेकिन बचाया नहीं जा सका

साथ में खेल रहे बच्चों ने शोर मचाया, तो परिजन दौड़े-दौड़े आए। तुरंत सूरज को पास के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत से पूरे गांव में मातम फैल गया है। उसकी मां की हालत इतनी खराब है कि वह बार-बार बेहोश हो रही हैं।

**लापरवाही की जांच में जुटी पुलिस**

थाना प्रभारी दिलीप सिंह ने बताया कि बिजली का तार घर के पीछे खाली पड़ी जगह पर गिरा हुआ था और कोई चेतावनी या सुरक्षा इंतजाम नहीं था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। अगर किसी की लापरवाही सामने आती है, तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मृतक सूरज के पिता पवन बैगा मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। इस हादसे ने गरीब परिवार की कमर तोड़ दी है। गांववाले और रिश्तेदार घर पहुंचकर परिवार को सांत्वना देने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन मां का रो-रोकर बुरा हाल है।

# शिक्षा से ही नई सोच का मार्ग खुलता है : राजेंद्र शुक्ल

## लैपटॉप के लिए विद्यार्थियों को मिले 25 हजार रुपए

**शहडोल, देशबन्धु।** जब तक लोग शिक्षित नहीं होंगे, वे न तो अपने अधिकारों को समझ पाएंगे और न ही अपने कर्तव्यों का सही ढंग से पालन कर पाएंगे। शिक्षा से ही नई सोच, नई तकनीक और आत्मनिर्भरता का मार्ग खुलता है। आधुनिक युग में शिक्षित होना बहुत जरूरी है। शिक्षा के बिना तरक्की कर पाना संभव नहीं है।

उक्त विचार संभागीय मुख्यालय शहडोल के सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल में आयोजित प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में लैपटॉप राशि अंतरण समारोह में उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्वलित कर किया।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत कक्षा 12 वीं के एमपी बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक लाने वाले विद्यार्थियों को मनपसंद लैपटॉप खरीदने के लिए राज्य सरकार द्वारा



25 हजार रूपये की राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा विद्यार्थी को उच्च शिक्षा व आगे की पढाई करने के लिए यह लैपटॉप काफी मददगार साबित होगा।

भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत आयोजित विद्यार्थियों को लैपटॉप राशि अंतरण कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में किया गया जिसका प्रसारण वर्चुअली रूप से किया गया। शहडोल जिले के 1012 मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए राशि का अंतरण किया गया। शहडोल संभाग की प्रमुख अशासकीय ज्ञानोदय हायर सेकेंडरी स्कूल अंग्रेजी माध्यम की कक्षा 12वीं कला संकाय की छात्रा हिना देवी एवं सौम्या तिवारी जिन्होंने प्रदेश की मेरिट लिस्ट की सूची में क्रमशः दूसरा एवं आठवां स्थान प्राप्त किया था उन्हें आज भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा लैपटॉप छात्रवृत्ति के तहत 25000 का चेक प्रदान किया गया। साथ ही जिले की मेरिट सूची में कक्षा 12वीं मैथ संकाय के छात्र आशीष सोनी एवं कला संकाय की छात्रा कलश गुप्ता को शहडोल में उप मुख्यमंत्री डॉ राजेंद्र शुक्ल द्वारा लैपटॉप योजना छात्रवृत्ति के तहत 25000 रुपए का चेक प्रदान किया गया। ज्ञानोदय स्कूल के संचालक अजय सिंह ने बताया कि कक्षा 12वीं के कुल 423 विद्यार्थियों में से 185 मेधावी विद्यार्थियों के खाते में वन क्लिक के द्वारा विद्यार्थियों के खाते में राशि ट्रांसफर की गई है। कार्यक्रम में ज्ञानोदय स्कूल के के संचालक अजय सिंह, प्राचार्या श्रीमती रेखा सिंह एवं सहायक शिक्षक, राधेश्याम विश्वकर्मा, हंसराज सिंह, सोमेश्वर मिश्रा, निलेश पांडेय, आशीष मिश्रा एवं मनीषा मैडम उपस्थित रही।

## सार-समाचार

### अंधे कत्ल का खुलासा, व्यापारी की हत्या करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार



**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले के अमिलिया गांव में हुई व्यापारी शिवदयाल शुक्ला की हत्या का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने शहडोल के कल्याणपुर से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में अतुल बर्मन, दीपक गुप्ता, विनय गुप्ता और आदित्य उपाध्याय शामिल हैं।

घटना 4 जून की रात करीब 11 बजे की है। आरोपी आदित्य के ऑटो से अमिलिया पहुंचे थे। किराना थोक व्यापारी का बेटा विनय गुप्ता मृतक को जानता था। उसने पेट्रोल मांगने के बहाने दरवाजा खुलवाया। विनय, दीपक और अतुल घर में घुसे, जबकि आदित्य ऑटो में बाहर रुका रहा। तीनों ने शिवदयाल शुक्ला पर चाकू से 34 वार किए। उन्होंने मृतक की वृद्ध मां को भी लात-घूंसों से मारा।

आरोपियों ने घर से सोने-चांदी के जेवर लूटे और सीसीटीवी का डीवीआर भी ले गए। वारदात के बाद चारों नरवार के पास तालाब किनारे गए। वहां खून से सने कपड़े जला दिए। चाकू, कटार, डीवीआर और डीटीएच को तोड़कर तालाब में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ कर डीवीआर, डीटीएच और हथियार बरामद कर लिए हैं। चोरी किए गए जेवरात और मोबाइल की बरामदगी के लिए आरोपियों को रिमांड पर लिया जाएगा। सभी आरोपियों का पहले से चोरी और मारपीट का आपराधिक रिकॉर्ड है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौरोजाबाद का किया औचक निरीक्षण : एसडीएम

**नौरोजाबाद, देशबन्धु।** जिले के नौरोजाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अचानक पाली एसडीएम पहुंच गए। पाली एसडीएम अंबिकेश सिंह के औचक निरीक्षण से पूरे अस्पताल में भगदड़ मच गई। एसडीएम ने अस्पताल पहुंचकर मौजूद कर्मचारियों से जानकारी लेने के साथ दवाइयां के स्टॉक की जांच की। कर्मचारी के नहीं मिलने पर एसडीएम ने नाराजगी भी जताई। शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौरोजाबाद के निरीक्षण में तहसीलदार अभयानंद शर्मा भी साथ थे। अस्पताल में साफ सफाई में सुधार करने के साथ लापरवाही नहीं करने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम और तहसीलदार ने स्टोर रूम के साथ अस्पताल में अपशिष्ट पदार्थ और साफ सफाई की भी जानकारी ली। वहीं ड्यूटी टाइम में अनुपस्थित लैब तकनीशियन और स्टोर कर्मचारी की जानकारी सीएमएचओ को देने की बात कही है। एसडीएम अंबिकेश सिंह ने बताया कि बारिश में दुर्घटनाओं को लेकर हमने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया है। एंटी वेनम और एंटी रेबीज और दवाइयां का स्टॉक चेक किया है। कर्मचारियों की उपलब्धता को भी देखा है। कुछ कमियां भी मिली हैं। प्रतिवेदन हम कलेक्टर और सीएमएचओ के पास भेजेंगे, जिससे सुधार हो सके और आवश्यक तैयारियां की जा सकें। जिससे बरसात में जनहानि और नुकसान न हो।

### हेमंत कुमार तिवारी बने नोटरी

**ब्यौहारी,देशबन्धु।** तहसील ब्यौहारी- के अंतर्गत न्यू बरौंधा वार्ड क्रमांक 9 के निवासी हेमंत कुमार तिवारी अधिवक्ता को केंद्र सरकार से नोटरी नियुक्त किया गया वह केंद्र और राज्य सरकार से संबंधित कार्यों के लिए नागरिकों के आवेदनों को शपथ पत्र देंगे ब्यौहारी- क्षेत्र के केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त इकलौते नोटरी हैं उनकी नियुक्ति पर इश्ट मित्रों ने शुभकामनाएं व्यक्त की हैं।

### जिले में 256.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**पन्ना,देशबन्धु।** पन्ना जिले में इस वर्ष 1 जून से 4 जुलाई की अवधि में 256.8 मिमी अर्थात 10.1 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई है। यह गत वर्ष की समान अवधि में दर्ज औसत वर्षा से 140.7 मिमी अधिक है। जिले की औसत वर्षा 1176.4 मिमी है। अधीक्षक भू अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार अब तक वर्षामापी केन्द्र अजयगढ़ में सर्वाधिक 331 मिमी एवं सिमरिया में सबसे कम 138.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जबकि पन्ना में 259.8 मिमी, देवेन्द्रनगर में 291.3 मिमी, गुनौर में 293.3 मिमी, अमानगंज में 330.8 मिमी, पवई में 230 मिमी। शाहनगर में 228 मिमी एवं रैपुरा में 207.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। आज पन्ना में 35.2 मिमी, देवेन्द्रनगर में 42.3 मिमी, गुनौर में 21 मिमी, अमानगंज में 98.6 मिमी, पवई में 9 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

# पहली बारिश में ही धसक गई पुलिया, आवागमन बाधित

**नौरोजाबाद, देशबन्धु।** उमरिया जिले के जनपद पंचायत करकेली अंतर्गत ग्राम पंचायत कोहका 82 के ग्राम छूहाई मे प्रधानमंत्री सड़क पर बनी पुलिया बारिश मे क्षतिग्रस्त हो गई, जिस कारण सड़क के बीचोबीच बडा गड्ढा हो गया, जिस कारण चार पहिया और बड़े वाहनो का आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया है। पहली बारिश में ही पुलिया टूट गई लेकिन विभाग अपनी कमी छुपाने मिट्टी भर लीपापोती कर दिया लेकिन फिर वहीं हाल है।



नौरोजाबाद से कोहका 82 होते हुए शहपूरा जबलपुर जाने का यह सीधा रास्ता है इसी मार्ग पर ग्राम पंचायत कोहका 82 के ग्राम छूहाई मे प्रधानमंत्री सड़क पर बनी पुरानी पुलिया बीते दिन भारी बारिश होने के कारण ढह गई है जिस कारण लगभग 15 से 20 गाँव का सड़क के माध्यम से संपर्क टूट गया।

इसी मार्ग से ज्यादा तर यात्री बसें शहपूरा जाती है और शहपूरा से इस क्षेत्र के लोगों को जबलपुर के लिए सीधे बस की मिलती है लेकिन इसी मार्ग पर बनी पुलिया के क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण कई यात्री बसे दुलहरी मार्ग का सहारा लेकर शहपूरा तक पहुंची है हालांकि उन्हें इस मार्ग से शाहपुरा पहुंचने तक 2 घंटे अधिक समय लगा, जिस कारण बस में बैठे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा,ग्राम छूहाई मे बनी पुलिया की क्षतिग्रस्त की सूचना न होने कारण कई बसे क्षतिग्रस्त पुल तक पहुंच गई, और उन्हें वहाँ से वापस आना पड़ा।

हमारे संवाददाता के द्वारा ज़ब प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के इंजीनियर नीरज कुमार द्विवेदी से पुलिया क्षतिग्रस्त होने के बारे बात की गई, तो उनके द्वारा सकारात्मक बात करते हुए कहा गया की हम कल से इस क्षतिग्रस्त पुलिया में सुधार का कार्य शुरू कर देंगे।

आज पुलिया के बीचोबीच हुए बड़े गड्ढे के चारो तरफ मिटटी डलवा देंगे, विभाग ने अपनी किया धरी कों छुपाने मिट्टी डालकर बाहबाही तों लें लिए लेकिन चन्द दिनों बाद फिर भ्रष्टाचार विभाग को चिढ़ते हुए पुलिया टूट गई उल्लेखनीय है कि इतनी देखरेख के बाद इतना घटिया निर्माण कार्य हों रहा है ग्रामीणों का आरोप है कि जब केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में जब इस कदर भ्रष्टाचार हों रहा है और कोई देखने वाला नहीं है तो फिर दूरस्थ अंचलों का क्या हाल होगा। यह तो जांच के बाद ही सामने आएगा।

देखना दिलचस्प होगा कि जिले के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस प्रमुख मार्ग के सुधार के लिए क्या कुछ योजना बनाते है यह सम्बंधित विभाग के एसडीओ इंजिनियर पर क्या कुछ कार्यवाही करते हैं यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक विधान, एक निशान व एक प्रधान का नारा बुलंद किया

**शहडोल, देशबन्धु।** पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने प्रधानमंत्री पंडित नेहरू की नीतियों का विरोध करते हुए काश्मीर से धारा 370 हटाने तथा देश में एक विधान, एक निशान व एक प्रधान का नारा बुलंद किया था। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने उस वक्त काश्मीर में बिना परमिट व बिना वीजा के प्रवेश कर सरकार की नीतियों का पुरजोर विरोध किया था जिस पर उन्हें सरकार ने गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया था। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की स्मृति में शुक्रवार को अटल निलय जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए उक्त विचार व्यक्त किया। मुख्य वक्ता श्री शुक्ल ने पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान, संघर्ष और पार्टी के प्रति समर्पण व उनके जीवन स्मृति के बारे में उपस्थित लोगों को विस्तार से

बताया। श्री शुक्ल ने कहा कि 23 जून 1953 में जेल में उनकी रहस्यमय तरीके से मौत हो गई जो आज तक रहस्य है।

भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा



**भाजपा अटल निलय कार्यालय शहडोल में संगोष्ठी का आयोजन, कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल हुए शामिल**

ने संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने उस समय सरकार की तुष्टिकरण की नीतियों के चलते राष्ट्रीय सरकार में रहे मंत्री पद से स्तीफा देकर जनसंघ की स्थापना की थी। श्रीमती चपरा ने कहा कि डॉ. मुखर्जी जनसंघ के पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष बने तथा उस समय विपरीत परिस्थियों में उन्होंने पार्टी का काम सम्भालते हुए पार्टी को आगे बढाया और आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक काम कर रही है।

संगोष्ठी कार्यक्रम में विधायक जयसिंह मरावी, विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, विधायक शरद कोल ने भी अपने विचार प्रकट किया। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों में पूर्व विधायक प्रमिला सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रभा मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष कमल प्रताप सिंह, कार्यक्रम के संयोजक सुशील शर्मा, सह संयोजक राकेश पाण्डे, रहे। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने बैतूल विधायक मध्य प्रदेश भाजपा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को शहडोल जिले के कार्यकर्ताओं की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। संगोष्ठी कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री सुशील शर्मा ने किया।

# पिछले साल से तीन गुना ज्यादा बारिश, तीन दिन और बरसेंगे बादल

**उमरिया,देशबन्धु।** जिले में बुधवार रात से शुरू हुई बारिश शुक्रवार तक जारी है। जिले में 1 जून से 4 जुलाई तक 232.5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में तीन गुना अधिक है। पिछले साल इस दौरान केवल 78.4 मिलीमीटर बारिश हुई थी। बारिश के कृषि विभाग के अधिकारी आरएन सिंह परिहार के अनुसार, यह बारिश मताई, लेही और रोपा के लिए लाभदायक है। हालांकि, लगातार बारिश से मक्का, अरहर, कोदो और मूंग की बुवाई में किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



पिछले 24 घंटों में जिले के कई क्षेत्रों में बारिश दर्ज की गई है। चंदिया में सबसे अधिक 84.8 मिमी, मानपुर में 12.8 मिमी, पाली में 12.6 मिमी, करकेली में 10.9 मिमी, बांधवगढ़ और नौरोजाबाद में 9.2 मिमी तथा बिलासपुर में 4.3 मिमी बारिश हुई है। बारिश के दौरान सड़कों पर बहता पानी। बारिश के दौरान सड़कों पर बहता पानी। 1 जून से अब तक की कुल बारिश में चंदिया में 335.6 मिमी, बिलासपुर में 325.7 मिमी, बांधवगढ़ में 232.0 मिमी, मानपुर में 227.6 मिमी, करकेली में 196.9 मिमी, नौरोजाबाद में 156.6 मिमी और पाली में 153.0 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

बारिश के कारण खितौली फीडर की लाइन में तकनीकी खराबी आ गई है, जिसे ठीक करने में बिजली कंपनी के कर्मचारी लगे हुए हैं। मौसम की स्थिति के कारण लोग घरों में रहना पसंद कर रहे हैं।

# जनअभियान परिषद के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**पन्ना,देशबन्धु।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद का आज स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पन्ना के शासकीय छत्रसाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार में जनअभियान परिषद द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव, महाविद्यालय प्राचार्य एवं जिला समन्वयक जनअभियान परिषद द्वारा मां सरस्वती की के छाया चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

अतिथियों का स्वागत अशोक के पौधे भेंट कर किया गया। ऑनलाइन माध्यम से परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन नागर ने उद्बोधन के जरिए परिषद की रूपरेखा तथा परिषद के कार्यों से अवगत कराया। लघु फ़िल्म के माध्यम से परिषद् के कार्यों की जानकारी दी गई।

जिला समन्वयक अनीता जाटव द्वारा कार्यक्रम में परिषद् के नेटवर्क की जानकारी दी गई। अतिथियों द्वारा परिषद् के कार्यों की सराहना की गई तथा बावड़ी व पुरानी धरोहर को संरक्षित करने के लिए किए गए प्रयासों को उल्लेखनीय बताया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन भी किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के प्रति परिषद से जुड़ी संस्थाओं को संवेदनशीलता दिखाने के निर्देश दिए गए। साथ ही परिषद से जुड़ी प्रत्येक विकासखंड की नवांकुर संस्था, जिन्होंने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किए हैं।

# बंद कोयला खदान के क्षेत्र में जमीन धंसी, मौहर दफाई बस्ती में दहशत

**नौरोजाबाद, देशबन्धु।** उमरिया जिले वर्षो से बंद पड़ी आठ नंबर स्थित कोयला खदान के बगल में स्थित मौहार दफाई के एक मकान के आंगन में अचानक कई फुट जमीन धसकने से हड़कंप मच गया। यह घटना वार्ड क्रमांक 5 निवासी चमरू बैगा के घर पर घटी है।

इससे परिवार के सदस्य बाल-बाल बच गए और हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन गड्ढे की गहराई और जमीन धसकने की तेज आवाज से आसपास के लोग दहशत में आ गए हैं। उधर प्रशासन ने क्षेत्र का दौरा कर लोगों से उस इलाके में न जाने की अपील की है।


स्थानीय लोगों का कहना है कि इतनी गहराई तक जमीन का धंसना पहले कभी नहीं देखा गया। लोगों को अब अपने घरों की सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता सता रही है। इस हादसे ने फिर एक बार यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या बंद खदानों के इलाकों की जमीन सुरक्षित है? क्या भौगोलिक व तकनीकी जांच कोल प्रबंधन या प्रशासन द्वारा समय पर की जा रही है?

स्थानीय निवासियों का कहना है कि कोल प्रबंधन की ओर से पूर्व में ऐसे क्षेत्रों को खाली करने की चेतावनी दी गई थी, लेकिन गरीब परिवारों के पास अपने घर छोड़ने के अलावा कोई और विकल्प नहीं है। मजबूरी में लोग जान का जोखिम उठाकर अब भी ऐसे संवेदनशील इलाकों में रह रहे हैं।

मामले की गंभीरता को समझते हुए एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह के द्वारा जमीन धसकने वाले क्षेत्र का निरीक्षण कर मौहार दफाई मे रह रहे लोगों को हिदायत दी गई कि जहाँ पर जमीन धसकने एक बड़ा गड्ढा हो गया है, उस तरफ बिलकुल न जाएं। इस दौरान पाली एसडीएम के साथ नौरोजाबाद तहसीलदार अभय नंद शर्मा भी मौजूद थे,

**इनका कहना है-**

हम लोग मौहार दफाई वार्ड नंबर पाँच में लगभग 40 वर्षो से रह रहे हैं। जिस दिन से



हमारे घर के बगल में जमीन धसकने से गहरा गोफ हो गया है उस दिन से हम सभी बस्ती वासी काफी डरे हुए हैं। हम सरकार से निवेदन करते हैं कि सरकार हमारे जान माल की सुरक्षा करे।

**छोटी बाई, निवासी वार्ड नंबर पाँच, मौहार दफाई**

मंगलवार को मेरे घर के बगल मे जमीन धसकने से काफी एरिया में गोफ हो गया है। बारिश के कारण कभी भी यहाँ पर और जमीन धसक सकती है। ज़ब से यह घटना हुई है। मेरा पूरा परिवार एवं बस्ती वासी काफी डरे हुए हैं। मैं सरकार से निवेदन करता हूं कि हमें सुरक्षा प्रदान की जाए।



**प्रभु कुमार, निवासी वार्ड नंबर पाँच, मौहार दफाई**

जैसे मेरे संज्ञान आया कि नौरोजाबाद में वर्षो से बंद पड़ी आठ नंबर कोयला खदान के बगल मे स्थित मौहार दफाई के एक घर के आंगन में जमीन धसकने से काफी बडां गोफ हो गया है। घटना की जानकारी लगते ही मेरे द्वारा नौरोजाबाद तहसीलदार के साथ गोफ एरिया का निरीक्षण कर मौहार दफाई के लोगों को समझाइसदी गई कि आप लोग गोफ एरिया में बिलकुल न जाएं। इसे लेकर मौहार दफाई के लोगों की सुरक्षा के संबंध में एसईसीएल प्रबंधन को पत्र भी लिखा जाएगा।

**अंबिकेश प्रताप सिंह**
**एसडीएम बिरसिंहपुर पाली**